रामजी से हमको मिला दो बजरंगी

रामजी से हमको मिला दो बजरंगी,
मिला दो बजरंगी, मिला दो बजरंगी,
रामजी से हमको मिला दो बजरंगी।

सुग्रीव तुमने राम से मिलाए,
हमसे भी मिलन करा दो बजरंगी,
रामजी से हमको मिला दो बजरंगी॥

सीता जी दुःख सुनाया रघुवर को,
मेरे भी दुखड़े सुना दो बजरंगी,
रामजी से हमको मिला दो बजरंगी॥

तुमने विभीषण राम से मिलाए,
हम पर दया दिखा दो बजरंगी,
रामजी से हमको मिला दो बजरंगी॥

तुलसी दास श्री राम से मिलाए,
हमको भी दर्श करा दो बजरंगी,
रामजी से हमको मिला दो बजरंगी॥

जीवन नैया फंसी है भंवर में,
हमको भी पार लगा दो बजरंगी,
रामजी से हमको मिला दो बजरंगी॥

अमर को बजरंग आस तुम्हारी,
भक्तो के संकट मिटा दो बजरंगी,
रामजी से हमको मिला दो बजरंगी॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25110/title/ramji-se-humko-mila-do-bajrangi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |